


# अण्डमान निकोबार द्वीप समाचार




रजि.न.34300/80 | संख्या 113 | श्री विजय पुरम, मंगलवार, 28 अप्रैल 2026 | web: dt.andamannicobar.gov.in | 2.00 रूपए


## राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह में अण्डमान–निकोबार प्रशासन को दूसरा स्थान, द्वीपसमूह को मिला गौरव



श्री विजय पुरम, 27 अप्रैल

अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन ने 2 से 10 अप्रैल, 2026 तक आयोजित राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह (एनएलडब्ल्यू)–साधना सप्ताह के दौरान "श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य/केंद्र शासित प्रदेश (1 लाख से कम कर्मचारियों वाले)" श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त कर द्वीपसमूह का गौरव बढ़ाया है।

क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी) द्वारा, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग तथा कर्मयोगी भारत के सहयोग से आयोजित इस राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह का उद्देश्य राष्ट्रीय क्षमता निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करना तथा सेवाभाव की भावना को मजबूत करना था। सरकार द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में क्षमता निर्माण पर विशेष जोर दिए जाने के साथ, कर्मचारियों को iGOT कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध एआई से संबंधित पाठ्यक्रमों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इस पहल को सफल बनाया और द्वीपसमूह को यह प्रतिष्ठित सम्मान दिलाया।

17 अप्रैल, 2026 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहां यह पुरस्कार कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा प्रदान किया गया। अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के गृह सचिव श्री नीरज भारती (भा.प्र.से.) ने समारोह में भाग लिया और प्रशासन की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया।

प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण के सहायक सचिव द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह उपलब्धि प्रशासन की निरंतर सीखने, नवाचार और भविष्य उन्मुख शासन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसमें सार्वजनिक सेवा उत्कृष्टता के लिए एआई क्षमता निर्माण एक प्रमुख प्राथमिकता के रूप में उभर रहा है।






## बीमा सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मिलेगा सशक्तिकरण



श्री विजय पुरम, 27 अप्रैल

अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान एवं शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), श्री विजय पुरम के सहयोग से 27 अप्रैल, 2026 से 30 अप्रैल, 2026 तक 'बीमा सखी' विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. अपूर्वा शर्मा, निदेशक (ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान एवं शहरी स्थानीय निकाय)/राज्य मिशन निदेशक (एएनआईआरएलएम) द्वारा किया गया। इस अवसर पर एलआईसी, श्री विजय पुरम के अधिकारी तथा राज्य मिशन प्रबंधन इकाई, अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस पहल का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों को आवश्यक ज्ञान एवं कौशल प्रदान कर उन्हें "बीमा सखी" के रूप में सशक्त बनाना है, जो सामुदायिक स्तर पर बीमा सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करेंगी तथा वित्तीय एवं बीमा सेवाओं की अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करेंगी।

सभा को संबोधित करते हुए डॉ. अपूर्वा शर्मा ने ग्रामीण परिवारों में वित्तीय समावेशन एवं जोखिम न्यूनीकरण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अनिश्चितताओं से आजीविका की सुरक्षा के लिए बीमा तक पहुंच अत्यंत आवश्यक है और प्रतिभागियों को "बीमा सखी" की भूमिका को समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल महिलाओं के लिए आजीविका के अवसर बढ़ाती है, बल्कि सामुदायिक सुदृढ़ता को भी मजबूत करती है और समावेशी विकास को बढ़ावा देती है।

एलआईसी, श्री विजय पुरम के अधिकारियों ने विभिन्न जीवन बीमा एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके ग्रामीण समुदायों के लिए महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने जमीनी स्तर पर बीमा उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा "बीमा सखी" की भूमिका–नामांकन में सहायता, समय पर दावा निपटान सुनिश्चित करना तथा समुदाय और बीमा प्रदाताओं के बीच विश्वास स्थापित करने पर प्रकाश डाला।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में फरारगंज, प्रोथरापुर, रंगत, मायाबंदर और डिगलीपुर ब्लॉकों के स्वयं सहायता समूहों के सदस्य भाग ले रहे हैं। चार दिनों के दौरान सत्रों में बीमा उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, वित्तीय साक्षरता में सुधार करने तथा प्रतिभागियों को सामाजिक सुरक्षा एवं बीमा सेवाओं तक अपने समुदाय की पहुंच सुनिश्चित करने में सक्षम बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान एवं शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह कार्यक्रम अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में जमीनी स्तर पर वित्तीय सेवाओं की डिलीवरी को सुदृढ़ करने तथा महिला–नेतृत्व वाले विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अपेक्षा की जाती है कि प्रशिक्षित "बीमा सखियां" ग्रामीण परिवारों में बीमा कवरेज के विस्तार और वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## सुनामी सायरन परीक्षण को लेकर प्रशासन की अपील, जनता से शांत रहने का अनुरोध

श्री विजय पुरम, 27 अप्रैल

आम जनता को सूचित किया जाता है कि नमूनाघर तथा शोल बे में स्थापित दो स्वचालित सुनामी सायरनों का 29 एवं 30 अप्रैल, 2026 को प्रातः 9.30 बजे से सायं 4 बजे के बीच आवश्यकतानुसार परीक्षण किया जाएगा। जनता से अनुरोध किया गया है कि निर्धारित तिथि एवं स्थानों पर सायरन बजने पर घबराएं नहीं तथा परीक्षण अवधि के दौरान शांत बने रहें।

आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह केवल सायरनों के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने हेतु एक नियमित परीक्षण है।

## समाचार संवाददाता भर्ती प्रक्रिया प्रशासनिक कारणों से निरस्त

श्री विजय पुरम, 27 अप्रैल

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय में समाचार संवाददाता के पद के लिए आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है कि दिनांक 28 अप्रैल, 2023 को प्रकाशित रिक्ति अधिसूचना तथा ई–भर्ती पोर्टल (https://erecruitment.andaman.gov.in) के माध्यम से प्रारंभ की गई भर्ती प्रक्रिया को प्रशासनिक कारणों से निरस्त कर दिया गया है।

## विश्व पशु चिकित्सा दिवस 2026 पर द्वीपसमूह में विविध कार्यक्रमों का आयोजन



श्री विजय पुरम, 27 अप्रैल

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग द्वारा अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में विश्व पशु चिकित्सा दिवस 2026 बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस वर्ष का विषय "पशु चिकित्सक–खाद्य एवं स्वास्थ्य के संरक्षक" रहा। 24 एवं 25 अप्रैल, 2026 को पशु चिकित्सालयों, औषधालयों, पशुधन फार्म परिसर तथा अन्य क्षेत्रीय स्थलों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें पशु स्वास्थ्य, जनस्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा तथा "वन हेल्थ" दृष्टिकोण में पशु चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

डॉलीगंज स्थित पशुधन फार्म परिसर में 25 अप्रैल, 2026 को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. के. ए. नवीन, निदेशक, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा, अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। निदेशक ने किसानों को वैज्ञानिक पशुपालन पद्धतियां अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा "वन हेल्थ" अवधारणा, पशुधन बीमा, मवेशी प्रजनन नीति और नई सामुदायिक चारा बैंक योजना के बारे में जानकारी दी। केरलम में कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले दस पशु चिकित्सा सहायक कर्मियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। लगभग 30 किसानों को ज्वार बीज के मिनी किट, साथ ही उन्नत खेती एवं साइलैज निर्माण संबंधी पर्चे वितरित किए गए।

24 अप्रैल, 2026 को राजकीय प्रवर माध्यमिक विद्यालय, डॉलीगंज के 30 विद्यार्थियों के लिए पशुधन फार्म परिसर का भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां उन्होंने बकरी, सूअर, मवेशी तथा हैचरी इकाइयों का अवलोकन किया। निदेशक डॉ. के. ए. नवीन, संयुक्त निदेशक डॉ. अजय वर्मा तथा अन्य अधिकारियों ने किसानों को पशुओं के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को टेबल अंडे वितरित किए गए। निदेशक ने डॉलीगंज स्थित सरकारी पोल्ट्री फार्म में पोल्ट्री किसानों से भी मुलाकात की तथा इस अवसर पर चूजा वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

विभिन्न स्थानों पर पशु स्वास्थ्य शिविर एवं एबीसी कार्यक्रम आयोजित किए गए। हटबे, लिटिल अण्डमान में पालतू कुत्तों एवं बिल्लियों के 14 नसबंदी ऑपरेशन किए गए। किसानों की बैठक आयोजित कर विभिन्न नस्लों के हैचिंग अंडे वितरित किए गए। सभी पशु चिकित्सालयों, औषधालयों एवं उप–औषधालयों में भी शिविर आयोजित कर चूजे, चारा बीज, दवाइयां एवं कृमिनाशक

शेष पृष्ठ 4 पर

### ललित कला अकादमी की सामान्य परिषद में नामांकन

## द्वीपों के प्रतिष्ठित कलाकारों से कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आवेदन आमंत्रित

श्री विजय पुरम, 27 अप्रैल

संस.ति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन ललित कला अकादमी (राष्ट्रीय कला अकादमी) ने अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन से अकादमी की सामान्य परिषद में एक सदस्य के नामांकन हेतु तीन नामों का पैनल अनुशंसित करने का अनुरोध किया है।

अकादमी के ज्ञापन के खंड 5 (vii) के अनुसार नई सामान्य परिषद के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है, जिसके तहत प्रत्येक राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश को वर्णक्रमानुसार तीन नामों की अनुशंसा करनी होगी, जिसमें कम से कम एक महिला शामिल होना अनिवार्य है। नामांकित व्यक्तित्व ऐसे प्रतिष्ठित होने चाहिए जिन्होंने .श्य एवं ललित कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो, जिसका समुचित अभिलेखों द्वारा समर्थन हो, तथा वे पूर्व में अकादमी की सामान्य परिषद या किसी समिति के सदस्य न रहे हों। नामित सदस्य का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा, और अधिकतम दो सतत कार्यकालों तक ही पात्रता सीमित रहेगी।

इस संबंध में अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के ऐसे प्रतिष्ठित कलाकारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो उपरोक्त मानदंडों को पूरा करते हों। इच्छुक अभ्यर्थी अपना जीवन–वृत्त (बायोडाटा), जिसमें वर्तमान पता, संपर्क विवरण (फोन/मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी) तथा आवश्यक प्रमाण–पत्र संलग्न हों, निदेशक (कला एवं संस.ति), अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन, सेल्युलर जेल परिसर में या ईमेल artand.culture@and.nic.in पर 4

शेष पृष्ठ 4 पर

C M Y K

# केन्द्रिय विद्यालय के लिए प्रवेश सूचना : 2026–27

श्री विजय पुरम, 27 अप्रैल

विद्यालय में निम्नलिखित श्रेणी के अंतर्गत कुछ कक्षाओं में कुछ रिक्तियां उपलब्ध हैं, जो अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश विद्यालय में करवाना चाहते हैं, वे कार्य–अवधि के दौरान विद्यालय से पंजीकरण फॉर्म प्राप्त करसकते हैं, अथवा, विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध पीडीएफ का प्रिंट आउट भी निकाल सकते हैं। भरा हुआ फॉर्म, आवश्यक दस्तावेजों के साथ, दिनांक 30 अप्रैल, 2026 को या उससे पहले, दोपहर 1.30 बजे तक विद्यालय में जमा किया जाना अनिवार्य है।

| कक्षा | श्रेणी |
|---|---|
| बालवाटिका–3 | अनुसूचित जनजाति |
| पहली | अनुसूचित जनजाति |
| दूसरी | सभी श्रेणियां |
| तीसरी | अनुसूचित जनजाति |
| चौथी | अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति |
| 5वीं | सभी श्रेणियां |
| 8वी | अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति |
| 9वीं | विज्ञान, वाणिज्य, मानविकी |
| 10वीं तथा 11वीं | सभी श्रेणियां |

" कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रवेश केवल श्रेणी 1 और 2 के माता–पिता के बच्चों के लिए ही है।

नोटरू

आयु सीमा, जमा किए जाने वाले दस्तावेज़ों और अन्य विवरणों से संबंधित सभी अन्य जानकारियों के लिए, केवीएस प्रवेश दिशा निर्देश 2026–2027 देखें। (https://kvsangathan.nic.in/en/ad-mission/) स्कूल टी.सी (स्थानांतरण प्रमाणपत्र) केवल प्रवेश सूची में नाम की पुष्टि होने के बाद ही जमा किया जाना चाहिए।

# मृदा स्वास्थ्य हेतु उर्वरकों के कुशल उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

श्री विजय पुरम, 27 अप्रैल

दक्षिण अण्डमान जिले के छोलदारी पंचायत में 24 अप्रैल, 2026 को उर्वरकों के कुशल उपयोग एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर एक जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को सतत .षि पद्धतियों के बारे में जागरूक करना तथा मृदा उत्पादकता बढ़ाने के लिए पर्यावरण–अनुकूल उपायों को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में कुल 25 किसानों ने भाग लिया। इस दौरान आईसीएआर–केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा संवादात्मक चर्चा की गई।

डॉ. पी. के. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक ने किसानों से उर्वरकों के संतुलित एवं विवेकपूर्ण उपयोग, मृदा स्वास्थ्य के संरक्षण तथा दीर्घकालिक उत्पादकता बढ़ाने के लिए फसल चक्र अपनाने पर चर्चा की। डॉ. पूजा बोहरा, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने हरित खाद एवं वर्मी कम्पोस्ट जैसे वैकल्पिक जैविक इनपुट्स के उपयोग, विशेष रूप से बागवानी फसलों में, उनके महत्व और मृदा संरचना एवं उर्वरता सुधार में उनकी भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम का समापन एक संवादात्मक सत्र के साथ हुआ, जिसमें किसानों ने अपनी शंकाओं का समाधान किया और अपने अनुभव साझा किए। समग्र रूप से यह कार्यक्रम किसानों के ज्ञान में वृद्धि करने तथा क्षेत्र में पर्यावरण–अनुकूल .षि को बढ़ावा देने में प्रभावी सिद्ध हुआ।

# मायाबंदर में किशोरावस्था एवं नशा दुरुपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मायाबंदर, 27 अप्रैल

27 अप्रैल, 2026 को मायाबंदर थाना द्वारा पीएम श्री राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मायाबंदर में किशोरावस्था एवं नशा दुरुपयोग से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को किशोरावस्था में आने वाली चुनौतियों तथा नशा दुरुपयोग के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें सूचित एवं सही निर्णय लेने, शिक्षकों एवं अभिभावकों से मार्गदर्शन प्राप्त करने तथा अपने दैनिक जीवन में जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्यक्रम संवादात्मक रहा और विद्यार्थियों द्वारा सराहा गया, जिससे जागरूकता बढ़ाने और बाल संरक्षण को प्रोत्साहित करने में मदद मिली। ऐसे प्रयास उत्तर एवं मध्य अंडमान जिला पुलिस की सक्रिय एवं सामुदायिक–केंद्रित सोच को दर्शाते हैं, जो एक सुरक्षित और जागरूक समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

# दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन द्वारा स्वराज द्वीप में लंबित भूमि परिवर्तन मामलों के निस्तारण हेतु कैंप कोर्ट आयोजित

श्री विजय पुरम, 27 अप्रैल

दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन ने श्री विजय पुरम तहसील अंतर्गत स्वराज द्वीप से संबंधित लंबे समय से लंबित भूमि परिवर्तन मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए एक विशेष पहल की है, जिसका उद्देश्य सेवा वितरण में सुधार और लंबित मामलों को कम करना है।



25 एवं 26 अप्रैल 2026 को ग्राम पंचायत सामुदायिक भवन, श्याम नगर, स्वराज द्वीप में एक कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सहायक आयुक्त, दक्षिण अण्डमान श्री. कमलेश्वर राव, भा.प्र.से. ने की। इस कैंप कोर्ट का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र स्तर पर लंबित भूमि परिवर्तन मामलों का समाधान कर आवेदकों को समयबद्ध एवं सुलभ न्याय प्रदान करना था।

कार्यवाही के दौरान सभी लंबित मामलों की सुनवाई की गई। विशेष रूप से वर्ष 2014 से मार्च 2026 तक के कई पुराने मामलों का निस्तारण किया गया।इस पहल से निर्णय प्रक्रिया को सरल बनाया गया तथा लंबित मामलों में उल्लेखनीय कमी आई, जिससे आवेदकों को बड़ी राहत मिली।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार यह पहल प्रशासन की कुशल शासन व्यवस्था, पारदर्शिता तथा त्वरित शिकायत निवारण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, विशेषकर दूरस्थ एवं द्वीपीय क्षेत्रों में। जिला प्रशासन भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा, ताकि सरकारी सेवाओं की पहुंच बढ़ाई जा सके और जनहित के मामलों में लंबितता को और कम किया जा सके।

# द्वीपों में विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की पहल

श्री विजय पुरम, 27 अप्रैल



अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने द्वीपों में विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस संबंध में विभिन्न विषयों में 32 विशेषज्ञ पदों को एक वर्ष की संविदा अवधि के लिए भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। रिक्ति सूचना 'द डेली टेलीग्राम' में प्रकाशित की गई तथा प्रशासन एवं स्वास्थ्य सेवाओं निदेशालय की आधिकारिक वेबसाइटों पर अपलोड की गई। कुल 120 पात्र आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 85 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन साक्षात्कार में भाग लिया। स्क्रीनिंग समिति की अनुशंसाओं के आधार पर 32 अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रस्ताव जारी किए गए। अब तक 23 अभ्यर्थियों ने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है तथा 6 विशेषज्ञों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है, जबकि कुछ अभ्यर्थियों ने जॉइनिंग समय बढ़ाने का अनुरोध किया है। स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार लाने के लिए निदेशालय ने जिला अस्पताल, गाराचरमा, डॉ. आर.पी. अस्पताल, उत्तर एवं मध्य अंडमान तथा बी.जे.आर. अस्पताल, कार निकोबार में सेवाओं को सु.ढ़ करने की प्रक्रिया भी शुरू की है। इस कदम से द्वीपों के मुख्य रेफरल अस्पताल जी.बी. पंत अस्पताल, श्री विजय पुरम में मरीजों की भीड़ कम होगी तथा लोगों को उनके निकट ही विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही, जिला अस्पताल, गाराचरमा में एक एकी.त सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला (आईपीएचएल) भी स्थापित की गई है, जिससे जांच एवं प्रयोगशाला सेवाएं मजबूत होंगी। सर्जरी, मेडिसिन, एनेस्थीसिया, त्वचा रोग, आर्थोपेडिक्स, माइक्रोबायोलॉजी, पैथोलॉजी, स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा शिशु रोग जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञों की तैनाती जिला अस्पताल, गाराचरमा में की जा रही है, ताकि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सके और आम जनता को विशेषज्ञ उपचार की बेहतर पहुंच सुनिश्चित हो। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार स्वास्थ्य सेवा निदेशालय अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के सभी निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य अवसंरचना और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित

श्री विजय पुरम, 27 अप्रैल





विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर, आईसीएआर–सीआईएआरआई के पशु विज्ञान प्रभाग ने अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग के सहयोग से 25 अप्रैल 2026 को नमूनाघर में एक पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। इस वर्ष विश्व पशु चिकित्सा दिवस की थीम "पशु चिकित्सकः खाद्य एवं स्वास्थ्य के संरक्षक" है। यह थीम खाद्य सुरक्षा, जन स्वास्थ्य तथा पशु स्वास्थ्य की रक्षा में पशु चिकित्सकों की महत्वपूर्ण एवं व्यापक भूमिका को रेखांकित करती है। खेत से लेकर भोजन की थाली तक, पशु चिकित्सक यह सुनिश्चित करने में अग्रिम पंक्ति में रहते हैं कि पशु–आधारित खाद्य पदार्थ सुरक्षित, पौष्टिक एवं जिम्मेदारीपूर्वक उत्पादित हों।

शिविर के दौरान पशुपालन में स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि सुरक्षित पशु उत्पादों का उत्पादन सुनिश्चित हो सके। साथ ही, सतत पशु स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए औषधीय पौधों के उपयोग पर आधारित पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अपनाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

शिविर में 50 से अधिक बकरियों एवं मवेशियों के लिए हर्बल आधारित दवाएं जैसे 'द्वीप टिक्योर', घाव भरने के लिए हर्बल मरहम, रोग प्रतिरोधक क्षमता एवं दस्त के लिए टॉनिक, .मिनाशक दवाएं तथा खनिज मिश्रण वितरित किए गए। इस अवसर पर नमूनाघर की वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारीसंझेली सोरेन ने पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी करने की सलाह दी। डॉ. टी. सुजाता, डॉ. आर.आर. अलीएथोडी, डॉ. पी. पेरुमल तथा पी.ए. बाला ने पूरे स्वास्थ्य शिविर का समन्वय किया।

नमूनाघर गांव के किसानों ने इस पहल के आयोजन एवं मूल्यवान सहयोग के लिए आईसीएआर–सीआईएआरआई तथा डीएएचवीएस के प्रति आभार व्यक्त किया। यह संपूर्ण स्वास्थ्य शिविर आईसीएआर–सीआईएआरआई के निदेशक जय सुन्दर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# जलसंकट से उभरने का प्रयास

श्री विजय पुरम, 27 अप्रैल

श्री विजय पुरम नगरपालिका परिषद (एसवीपीएमसी) ने सभी निवासियों को सूचित किया है कि ग्रीष्मकालीन अवधि के दौरान स्वच्छ, नियमित एवं विश्वसनीय जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। बढ़ती मांग को प्रबंधित करने तथा शहर में जल के समान वितरण को बनाए रखने के लिए अनेक उपाय किए जा रहे हैं। एसवीपीएमसी ने वर्तमान जल संकट के दौरान समय पर सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता के लिए वार्ड पार्षद श्री जोगा राव (वार्ड संख्या–14) के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उनकी तत्परता एवं सहयोगी दृष्टिकोण ने परिषद को स्थिति को अधिक प्रभावी ढंग से संभालने में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की है। एसवीपीएमसी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि ऐसे समय में जब जल के न्यायसंगत एवं कुशल वितरण की आवश्यकता अत्यधिक बढ़ गई है, उनके योगदान ने परिषद के प्रयासों को सुदृढ़ किया है तथा सभी निवासियों तक समान रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित करने में मदद की है। जनकल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता एवं सक्रिय भागीदारी ने इस अवधि के दौरान उत्पन्न चुनौतियों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एसवीपीएमसी इस अवसर पर आम जनता के सहयोग एवं सहभागिता की भी सराहना करता है। नागरिकों द्वारा प्रदान किया गया सहयोग ऐसी परिस्थितियों से सफलतापूर्वक निपटने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। परिषद सभी हितधारकों, सामुदायिक सदस्यों एवं निवासियों से आग्रह करता है कि वे अपना सहयोग जारी रखें तथा वर्तमान जल संकट से निपटने में यथासंभव योगदान दें।

# अण्डमान–निकोबार शतरंज महासंग्राम 2.0 का भव्य समापन, 800 खिलाड़ियों ने लिया भाग

श्री विजय पुरम, 27 अप्रैल



अण्डमान–निकोबार शतरंज महासंग्राम 2.0 ओपन शतरंज टूर्नामेंट 2026 का भव्य और रोमांचक समापन कल नेताजी स्टेडियम, श्री विजय पुरम में हुआ। शिक्षा विभाग एवं खेल एवं युवा कार्य विभाग द्वारा अण्डमान निकोबार शतरंज संघ (एएनसीए) के सहयोग से संयुक्त रूप से आयोजित यह प्रतियोगिता द्वीपसमूह में अब तक आयोजित सबसे बड़े और जीवंत शतरंज आयोजनों में से एक बन गई। इस संस्करण की विशेषता इसका अनूठा ओपन–ग्राउंड प्रारूप रहा, जहां फ्लडलाइट्स के नीचे 25 और 26 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता ने खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए रोमांचक वातावरण तैयार किया। टूर्नामेंट 8 राउंड के स्विस सिस्टम प्रारूप में खेला गया, जिसमें प्रति चाल 10 मिनट के साथ 5 सेकंड की वृद्धि का रैपिड समय नियंत्रण रखा गया। इस आयोजन में लगभग 800 खिलाड़ियों की रिकॉर्ड भागीदारी दर्ज की गई, जिनमें 61 फिडे रेटेड खिलाड़ी शामिल थे, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और अधिक ऊंचा हो गया। उत्कृष्ट कौशल और निरंतरता का प्रदर्शन करते हुए मास्टर जे. एस. विराट ने सभी 8 मुकाबले जीतकर पूर्ण 8 अंक हासिल करते हुए खिताब अपने नाम किया। मास्टर रुशील वाई. ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि मास्टर श्रेष्ठा विजय डी. ने 7.5 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। ओपन वर्ग के अलावा, प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के उभरते खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। अंडर–07, अंडर–09, अंडर–11, अंडर–13 एवं अंडर–15 श्रेणियों में शीर्ष तीन खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही सर्वश्रेष्ठ सबसे कम आयु के बालक एवं बालिका, सर्वश्रेष्ठ वरिष्ठ खिलाड़ी तथा सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को भी विशेष पुरस्कार दिए गए, जिससे विभिन्न वर्गों में उत्कृष्टता को मान्यता मिली। शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार समापन समारोह में अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के वित्त सचिव श्री हेमंत कुमार (भा.प्र.से.) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर समारोह की गरिमा बढ़ाई।

## द्वीपों के प्रतिष्ठित कलाकारों से कला

पृष्ठ 1 का शेष

मई 2026 तक भेज सकते हैं। अभ्यर्थी पूर्व में ललित कला अकादमी की सामान्य परिषद या किसी समिति के सदस्य न रहे हों। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार अनुशंसित तीन नामों में से एक नाम को ललित कला अकादमी की सामान्य परिषद के सदस्य के रूप में तीन वर्ष की अवधि के लिए नामांकित किया जाएगा। यह आमंत्रण केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि द्वीपों की कलात्मक प्रतिभा का उत्सव भी है। यह हमारे प्रतिष्ठित कलाकारों में से एक को ललित कला अकादमी, नई दिल्ली की सामान्य परिषद में अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करता है, जिससे वे तीन वर्षों तक राष्ट्रीय स्तर पर सृजनात्मकता एवं सांस्.तिक संरक्षण में योगदान दे सकेंगे।

## विश्व पशु चिकित्सा दिवस 2026 पर

पृष्ठ 1 का शेष

वितरित किए गए तथा बधियाकरण, नसबंदी एवं एंटी–रेबीज टीकाकरण जैसी प्रक्रियाएं की गईं। विम्बर्लीगंज में छह कुत्तों एवं एक नर बिल्ली का बधियाकरण किया गया, जबकि गाराचरामा एवं न्यू बिंबलीटान में चार कुत्तों एवं एक मादा बिल्ली की नसबंदी की गई। रंगाचांग नंबर–5 में एक बड़े पशु स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में पशुओं का उपचार किया गया। शहीद द्वीप में एंटी–रेबीज टीकाकरण शिविर तथा पोर्ट मोट एवं हाथीटापू में स्वास्थ्य एवं एबीसी शिविर आयोजित किए गए।

कैम्पबेल बे में पशु चिकित्सालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्री बरनाबस मंजू, श्री संजय एक्का एवं श्रीमती शकीला नवाज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कमोर्टा में दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत 24 अप्रैल को स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता तथा 25 अप्रैल को पशु स्वास्थ्य एवं कृमिनाशन शिविर आयोजित किया गया, साथ ही सीएलएफ स्टाफ एवं ग्रामीणों के लिए मनोरंजक खेल भी आयोजित किए गए। सहायक आयुक्त श्री क्षितिज ज्ञानराज एवं कैप्टन श्री मोसेस स्टेनली इस अवसर पर उपस्थित रहे।

कार निकोबार में 25 अप्रैल, 2026 को एडवर्ड कुचट पार्क में मिनी मेला आयोजित किया गया, जिसमें जनजातीय परिषद के उपाध्यक्ष मुख्य अतिथि रहे। मलाका स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा आईटीआई एरोंग के विद्यार्थियों द्वारा पशु कल्याण पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया गया। जनजातीय लाभार्थियों को 12 लार्ज व्हाइट यॉर्कशायर नस्ल के पिगलेट तथा 500 वनराजा पक्षियों का वितरण किया गया। पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान एवं टीकाकरण इकाई, एलएफसी डॉलीगंज द्वारा 24 अप्रैल को स्कूली बच्चों के लिए एक जागरूकता भ्रमण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें केंद्रीय हैचरी एवं मवेशी फार्म का दौरा शामिल था।

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय द्वारा प्रकाशित तथा प्रबन्धक, राजकीय मुद्रणालय द्वारा मुद्रित, वितरण तथा विज्ञापन के लिए फोन–229465, प्रधान सम्पादक (प्रभारी) एस. बिजू पिल्लै
e-mail:dweepsamachar@gmail.com

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 49 | गोविंद नगर | | 26 | शोबनाथ राम | सुपारी | 50 |
| 50 | गोविंद नगर | | 26 | | नारियल | 9 |
| 51 | गोविंद नगर | | 26 | | इमली | 2 |
| 52 | गोविंद नगर | | 26 | | नीम | 1 |
| 53 | गोविंद नगर | | 26 | | चीकू | 2 |
| 54 | गोविंद नगर | 199 | | सुनीता बागे | नारियल | 50 |
| 55 | गोविंद नगर | 199 | | | सुपारी | 35 |
| 56 | गोविंद नगर | 199 | | | आम | 5 |
| क्रम. | गाँव का नाम | सर्वेक्षण संख्या (55 मीटर सड़क) | सर्वे संख्या (गौण सड़क) | परिवार के मुखिया का नाम | पेड़ का नाम | पेड़ों की संख्या |
| 57 | गोविंद नगर | 199 | | सुनीता बागे | जामुन | 2 |
| 58 | गोविंद नगर | 199 | | | लौंग | 3 |
| 59 | गोविंद नगर | 199 | | | करी पत्ती | 6 |
| 60 | गोविंद नगर | | 1/2,55/45,46,54 | निमोन एक्का | नारियल | - |
| 61 | गोविंद नगर | | 1/2,55/45,46,54 | | सुपारी | - |
| 62 | गोविंद नगर | | 1/2,55/45,46,54 | | केला | - |
| 63 | गोविंद नगर | | 1/2,55/45,46,54 | | लौंग | - |
| 64 | गोविंद नगर | 205,207 | | केअरुमुगम . | केला | 150 |
| 65 | गोविंद नगर | 205,207 | | | सुपारी | 1500 |
| 66 | गोविंद नगर | 205,207 | | | नारियल | 40 |
| 67 | गोविंद नगर | 205,207 | | | दालचीनी | 30 |
| 68 | गोविंद नगर | 205,207 | | | आम | 5 |
| 69 | गोविंद नगर | 209 | | दलजीत सिंह | नारियल | 40 |
| 70 | गोविंद नगर | 209 | | | सुपारी | 80 |
| 71 | गोविंद नगर | 209 | | | काजू | 10 |
| 72 | गोविंद नगर | 209 | | | जामुन | 30 |
| 73 | गोविंद नगर | 209 | | | दालचीनी | 10 |
| 74 | गोविंद नगर | 212 | | गुलज़ार सिंह | सुपारी | 4500 |
| 75 | गोविंद नगर | 212 | | | नारियल | 150 |
| 76 | गोविंद नगर | 212 | | | नारियल | 250 |
| 77 | गोविंद नगर | 212 | | | नींबू | 70 |
| 78 | गोविंद नगर | 212 | | | काली मिर्च | 40 |
| 79 | गोविंद नगर | 212 | | | दालचीनी | 20 |
| 80 | गोविंद नगर | | 68,72,89 | एल्विस किंडो | नारियल | - |
| 81 | गोविंद नगर | | 68,72,89 | | सुपारी | - |
| 82 | गोविंद नगर | | 68,72,89 | | केला | - |
| 83 | गोविंद नगर | | 68,72,89 | | कटहल | - |
| 84 | गोविंद नगर | | 68,72,89 | | नारंगी | - |
| 85 | गोविंद नगर | 220,222,224 | | रशपाल सिंह | सुपारी | 300 |
| 86 | गोविंद नगर | 220,222,224 | | | आम | 2 |
| क्रम. | गाँव का नाम | सर्वेक्षण संख्या (55 मीटर सड़क) | सर्वे संख्या (गौण सड़क) | परिवार के मुखिया का नाम | पेड़ का नाम | पेड़ों की संख्या |
| 87 | गोविंद नगर | 220,222,224 | | रशपाल सिंह | दालचीनी | 8 |
| 88 | गोविंद नगर | 220,222,224 | | | कटहल | 5 |
| 89 | गोविंद नगर | 240 | | हरचरण सिंह | नारियल | 500 |
| 90 | गोविंद नगर | 240 | | | सुपारी | 3000 |
| 91 | गोविंद नगर | 240 | | | केला | 200 |
| 92 | गोविंद नगर | 240 | | | लौंग | 10 |
| 93 | गोविंद नगर | 240 | | | जॉयफल | 5 |
| 94 | गोविंद नगर | 240 | | | काली मिर्च | 20 |
| 95 | गोविंद नगर | 242,243,244 | | जीलक्ष्मी . | नारियल | 200 |
| 96 | गोविंद नगर | 242,243,244 | | | सुपारी | 600 |
| 97 | गोविंद नगर | 242,243,244 | | | दालचीनी | 200 |
| 98 | गोविंद नगर | 242,243,244 | | | आम | 6 |
| 99 | गोविंद नगर | 242,243,244 | | | केला | 200 |
| 100 | गोविंद नगर | 242,243,244 | | | अनानास | 20 |
| 101 | गोविंद नगर | | 133 | कुलवंत सिंह | नारियल | - |
| 102 | गोविंद नगर | | 133 | | सुपारी | - |
| 103 | गोविंद नगर | | 133 | | आम | - |
| 104 | गोविंद नगर | | 139 | परमजीत सिंह | नारियल | 10 |
| 105 | गोविंद नगर | | 139 | | सुपारी | 10 |
| 106 | गोविंद नगर | | 2,231/146 | | नारियल | - |
| 107 | गोविंद नगर | | 2,231/146 | | सुपारी | - |
| 108 | गोविंद नगर | | 2,231/146 | | केला | - |
| 109 | गोविंद नगर | | 2,2/146 | | आम | - |
| 110 | गोविंद नगर | | 2,2/146 | | काली मिर्च | - |
| 111 | गोविंद नगर | | 2,2/146 | | लौंग | - |
| 112 | गोविंद नगर | 248 | | तारा सिंह पाबला | सुपारी | 3000 |
| 113 | गोविंद नगर | 248 | | | जॉयफल | 10 |
| 114 | गोविंद नगर | 248 | | | नारियल | 60 |
| 115 | गोविंद नगर | 248 | | | दालचीनी | 10 |
| 116 | गोविंद नगर | 249,250 | | एम.सी. जोस | सुपारी | 100 |
| क्रम. | गाँव का नाम | सर्वेक्षण संख्या (55 मीटर सड़क) | सर्वे संख्या (गौण सड़क) | परिवार के मुखिया का नाम | पेड़ का नाम | पेड़ों की संख्या |
| 117 | गोविंद नगर | 249,250 | | एम.सी. जोस | नारियल | 40 |
| 118 | गोविंद नगर | 284 | | तारा सिंह पाबला | सुपारी | 1000 |
| 119 | गोविंद नगर | 284 | | | नारियल | 60 |
| 120 | गोविंद नगर | 284 | | | जॉयफल | 2 |
| 121 | गोविंद नगर | 284 | | | आम | 10 |
| 122 | गोविंद नगर | 284 | | | दालचीनी | 30 |
| 123 | गोविंद नगर | 284 | | | नींबू | 4 |
| 124 | गोविंद नगर | | 318 | तीर्थ सिंह | नारियल | 50 |
| 125 | गोविंद नगर | | 318 | | सुपारी | 50 |
| 126 | गोविंद नगर | | 318 | | कटहल | 1 |
| 127 | गोविंद नगर | | 318 | | आम | 3 |
| 128 | गोविंद नगर | | 318 | | केला | 13 |
| 129 | गोविंद नगर | | 1/377 | कंचन बारिया | नारियल | 40 |
| 130 | गोविंद नगर | | 1/377 | | आम | 4 |
| 131 | गोविंद नगर | 300 | | दलविंदर सिंह तूर | नारियल | 10 |
| 132 | गोविंद नगर | 300 | | | सुपारी | 400 |
| 133 | गोविंद नगर | 300 | | | आम | 4 |
| 134 | जोगिंदर नगर | 238 | | सुरिंदर कौर | नारियल | 150 |
| 135 | जोगिंदर नगर | 238 | | | सुपारी | 400 |
| 136 | जोगिंदर नगर | 238 | | | लौंग | 8 |
| 137 | जोगिंदर नगर | 238 | | | दालचीनी | 50 |
| 138 | जोगिंदर नगर | 238 | | | आम | 1 |
| 139 | जोगिंदर नगर | 245 | | बलबीर सिंह | नारियल | 100 |
| 140 | जोगिंदर नगर | 245 | | | सुपारी | 100 |
| 141 | जोगिंदर नगर | 245 | | | लौंग | 10 |
| 142 | जोगिंदर नगर | 245 | | | काली मिर्च | 10 |
| 143 | जोगिंदर नगर | 253,254,256 | | अमरजीत सिंह | नारियल | 300 |
| 144 | जोगिंदर नगर | 253,254,256 | | | सुपारी | 500 |
| 145 | जोगिंदर नगर | 253,254,256 | | | दालचीनी | 10 |
| 146 | जोगिंदर नगर | 253,254,256 | | | आम | 5 |
| क्रम. | गाँव का नाम | सर्वेक्षण संख्या (55 मीटर सड़क) | सर्वे संख्या (गौण सड़क) | परिवार के मुखिया का नाम | पेड़ का नाम | पेड़ों की संख्या |
| 147 | जोगिंदर नगर | | 2/79,8 | अमरजीत सिंह ग्रेवाल | नारियल | 550 |
| 148 | जोगिंदर नगर | | 2/79,8 | | सुपारी | 250 |
| 149 | जोगिंदर नगर | | 2/79,8 | | अमरूद | 50 |
| 150 | जोगिंदर नगर | | 2/79,8 | | आम | 12 |
| 151 | जोगिंदर नगर | | 12,16 | कश्मीरा सिंह | नारियल | 300 |
| 152 | जोगिंदर नगर | | 18,136 | रानी | नारियल | 400 |
| 153 | जोगिंदर नगर | | 18,136 | | आम | 5 |
| 154 | जोगिंदर नगर | | 18,136 | | सुपारी | 200 |
| 155 | जोगिंदर नगर | | 18,136 | | दालचीनी | 5 |
| 156 | जोगिंदर नगर | | 80 | | नारियल | - |
| 157 | जोगिंदर नगर | | 80 | | सुपारी | - |
| 158 | जोगिंदर नगर | | 80 | जगदीश सिंह | आम | - |
| 159 | जोगिंदर नगर | | 80 | | दालचीनी | - |
| 160 | जोगिंदर नगर | | 80 | | लौंग | - |
| 161 | जोगिंदर नगर | | 134,164,165 | अमरजीत कौर | नारियल | 1000 |
| 162 | जोगिंदर नगर | | 210 | प्रगास सिंह | नारियल | 80 |
| 163 | जोगिंदर नगर | | 210 | | सुपारी | 100 |
| 164 | जोगिंदर नगर | | 210 | | काजू | 6 |
| 165 | जोगिंदर नगर | | 210 | | जामुन | 1 |
| 166 | जोगिंदर नगर | | 210 | | अमरूद | 5 |
| 167 | जोगिंदर नगर | | 210 | | दालचीनी | 50 |
| 168 | जोगिंदर नगर | | 1/217 | हर्षविंदर सिंह | अमरूद | 20 |
| 169 | जोगिंदर नगर | | 1/217 | | सुपारी | 20 |
| 170 | जोगिंदर नगर | | 1/217 | | दालचीनी | 50 |
| 171 | जोगिंदर नगर | | 3/217 | सुशीला | नारियल | 50 |
| 172 | जोगिंदर नगर | | 3/217 | | सुपारी | - |
| 173 | जोगिंदर नगर | | 246,30,31,291 | नछत्तर सिंह | सुपारी | 150 |
| 174 | जोगिंदर नगर | | 246,30,31,291 | | नारियल | 500 |
| 175 | जोगिंदर नगर | | 246,30,31,291 | | आम | 4 |
| 176 | जोगिंदर नगर | | 246,30,31,291 | | दालचीनी | 5 |
| क्रम. | गाँव का नाम | सर्वेक्षण संख्या (55 मीटर सड़क) | सर्वे संख्या (गौण सड़क) | परिवार के मुखिया का नाम | पेड़ का नाम | पेड़ों की संख्या |
| 177 | जोगिंदर नगर | | 246,30,31,291 | नछत्तर सिंह | केला | 5 |
| 178 | जोगिंदर नगर | | 285 | हरपाल कौर | नारियल | 450 |
| 179 | जोगिंदर नगर | | 285 | | सुपारी | 300 |
| 180 | जोगिंदर नगर | | 285 | | आम | 30 |
| 181 | जोगिंदर नगर | | 285 | | दालचीनी | 10 |
| 182 | जोगिंदर नगर | | 285 | | काजू | 15 |
| 183 | जोगिंदर नगर | | 285 | | जामुन | 12 |
| 184 | विजय नगर | 28 | | काशी विश्वनाथ | नारियल | 200 |
| 185 | विजय नगर | 35 | | संदीप कैल्यान चाक | नारियल | 100 |
| 186 | विजय नगर | 35 | | | आम | 10 |
| 187 | विजय नगर | 35 | | | सुपारी | 150 |
| 188 | विजय नगर | 35 | | | काजू | 10 |
| 189 | विजय नगर | 35 | | | केला | 200 |
| 190 | विजय नगर | 39 | | आरदेवराजुलु . | नारियल | 12 |
| 191 | विजय नगर | 39 | | | आम | 4 |
| 192 | विजय नगर | 53 | | सरस्वती अम्मा | नारियल | 300 |
| 193 | विजय नगर | 53 | | | नारियल | 40 |
| 194 | विजय नगर | 53 | | | सुपारी | 1000 |
| 195 | विजय नगर | 53 | | | आम | 10 |
| 196 | विजय नगर | 53 | | | कटहल | 1 |
| 197 | विजय नगर | 53 | | | केला | 20 |
| 198 | विजय नगर | | 1/18.18 | सावित्री देवी | नारियल | 180 |
| 199 | विजय नगर | | 175 | फकरुद्दीन अली अहमद | नारियल | 100 |
| 200 | विजय नगर | | 175 | | आम | 8 |
| 201 | विजय नगर | | 175 | | सुपारी | 200 |
| 202 | विजय नगर | 183,186 | | एसबेबी . | नारियल | 500 |
| 203 | विजय नगर | 183,186 | | | केला | 1000 |
| 204 | विजय नगर | 183,186 | | | नींबू | 7 |
| 205 | विजय नगर | 183,186 | | | सुपारी | 200 |
| 206 | विजय नगर | 245 | | आर .धर्मालिंगम | नारियल | 50 |
| क्रम. | गाँव का नाम | सर्वेक्षण संख्या (55 मीटर सड़क) | सर्वे संख्या (गौण सड़क) | परिवार के मुखिया का नाम | पेड़ का नाम | पेड़ों की संख्या |
| 207 | विजय नगर | 245 | | आर .धर्मालिंगम | सुपारी | 200 |
| 208 | विजय नगर | | 178,254 | एसपापू फेल्सी . | नारियल | 50 |
| 209 | विजय नगर | | 178,254 | | सुपारी | 150 |
| 210 | विजय नगर | | 178,254 | | आम | 4 |
| 211 | विजय नगर | | 178,254 | | चीकू | 3 |
| 212 | विजय नगर | | 178,254 | | इमली | 4 |
| 213 | विजय नगर | 283 | | डॉमुरुगन .पी.आर . | नारियल | 300 |
| 214 | विजय नगर | 283 | | | सुपारी | 200 |
| 215 | विजय नगर | 283 | | | आम | 5 |
| 216 | विजय नगर | 305 | | ओमकार दत्त | सुपारी | - |
| 217 | विजय नगर | 305 | | | नारियल | - |
| 218 | विजय नगर | | 279,280 | पार्वती | नारियल | 60 |
| 219 | विजय नगर | | 279,280 | | सुपारी | 200 |
| 220 | विजय नगर | | 279,280 | | कटहल | 5 |
| 221 | विजय नगर | | 311,314 | एसमनोरंजन . | नारियल | 20 |
| 222 | विजय नगर | | 311,314 | | सुपारी | 150 |
| 223 | विजय नगर | | 311,314 | | काजू | - |
| 224 | विजय नगर | | 311,314 | | आम | 2 |
| 225 | विजय नगर | | 324 | रोसामाल | नारियल | 22 |
| 226 | विजय नगर | | 486 | केपल्लानी . | नारियल | 25 |
| 227 | विजय नगर | | 488,555 | आरसेल्वा बालम . | नारियल | - |
| 228 | विजय नगर | | 488,555 | | सुपारी | - |
| 229 | लक्ष्मी नगर | 6 | | मैना बाई | नारियल | 40 |
| 230 | लक्ष्मी नगर | 6 | | | सुपारी | 1000 |
| 231 | लक्ष्मी नगर | 6 | | | आम | 1 |
| 232 | लक्ष्मी नगर | 6 | | | नींबू | 2 |
| 233 | लक्ष्मी नगर | 6 | | | केला | 5 |
| 234 | लक्ष्मी नगर | | 31,65 | गिरीश जोशी | नारियल | 500 |
| 235 | लक्ष्मी नगर | | 31,65 | | सुपारी | 150 |
| 236 | लक्ष्मी नगर | 8 | | सीता राम खेडला | दालचीनी | 1200 |
| क्रम. | गाँव का नाम | सर्वेक्षण संख्या (55 मीटर सड़क) | सर्वे संख्या (गौण सड़क) | परिवार के मुखिया का नाम | पेड़ का नाम | पेड़ों की संख्या |
| 237 | लक्ष्मी नगर | 8 | | सीता राम खेडला | नारियल | 56 |
| 238 | लक्ष्मी नगर | 8 | | | सुपारी | 400 |
